अमर उजाला
बरेली
शनिवार, 8 अप्रैल 2017
amarujala.com

प्राइवेट मेडिकल व डेंटल कॉलेजों की फीस तय

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ।

प्रदेश सरकार ने प्राइवेट मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में पीजी सीटों की फीस तय कर दी है। पहली बार क्लीनिकल व नॉनक्लीनिकल पाठ्यक्रमों की अलग-अलग फीस निर्धारित की गई है।

एमडी नॉनक्लीनिकल पाठ्यक्रमों की फीस 8.85 लाख से लेकर 11.14 लाख के बीच तय की गई है। जबकि एमडी व एमएस क्लीनिकल कोर्स की फीस 15.94 लाख से लेकर 20.70 लाख के बीच होगी। एमडीएस की फीस 4.91 लाख से लेकर 8.05 लाख के बीच निर्धारित की गई है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ. अनिता भटनागर जैन ने बताया कि प्राइवेट मेडिकल व डेंटल कॉलेज जिनके यहां पीजी कोर्स चलते हैं उनकी फीस निर्धारित करने के लिए फीस कमेटी की छह बैठकें हो चुकी हैं। पहली बार प्रदेश सरकार ने पीजी कोर्स की फीस तय की है। फीस कमेटी ने कॉलेजवार फीस तय की है। शुक्रवार को इसके औपचारिक आदेश भी जारी कर दिए गए।

प्रदेश सरकार का आदेश

एमडी नॉन क्लीनिकल की फीस 8.85 लाख से 11.14 लाख रुपये

एमडी-एमएस क्लीनिकल की फीस 15.94 लाख से 20.70 लाख

एमडीएस की फीस 4.91 लाख से लेकर 8.05 लाख के बीच

>> शेष पेज 14 पर

प्राइवेट मेडिकल व डेंटल कॉलेजों की...

पीजी सीटों के लिए पहले चरण की काउंसलिंग आज से: सूबे में पीजी सीटों में दाखिले के लिए पहले चरण की काउंसलिंग शुक्रवार से शुरू होने जा रही है। पहली बार ऑनलाइन काउंसलिंग की जा रही है। पीजी की 1217 सीटों के लिए 3632 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। जबकि एमडीएस की 622 सीटों के लिए 687 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया है।

किस मेडिकल कॉलेज की कितनी है फीस

कॉलेज का नाम	क्लीनिकल कोर्स	नान क्लीनिकल कोर्स
रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज बरेली	1848000	995100
श्रीराममूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज, बरेली	2070300	1114800

डेंटल कॉलेजों में फीस

कॉलेज का नाम	फीस
आईडीएस डेंटल कॉलेज, बरेली	806400